पंजाब केसरी 30/08/2025

# सस्टेनेबल फाइनैंस वर्कशॉप ऑन ग्रीन इन्वैस्टमैंट ट्रैंड्स का आयोजन

अम्बाला, 29 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रबंधन विभाग द्वारा 'सस्टेनेबल फाइनैंस वर्कशॉप ऑन ग्रीन इन्वैस्टमैंट ट्रैंड्स' का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यशाला में सुमित बोडला ने ग्रीन इन्वैस्टमैंट विषय पर अपने विचार सांझा करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल निवेश की महत्ता और इसके वैश्विक परिप्रेक्ष्य से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ बी.बी.ए. की छात्रा मानसी द्वारा किया गया तथा समापन पर प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवनीत एवं डॉ. अमिता ने किया।



सस्टेनेबल फाइनैंस वर्कशॉप ऑन ग्रीन इन्वैस्टमैंट ट्रैंड्स में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)